# जावड़ेकर ने दिल्ली में प्रदूषण का राजनीतिकरण करने के लिए केजरीवाल पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली में प्रदूषण मुद्दे का 'राजनीतिकरण' करने का शनिवार को आरोप लगाया।

केजरीवाल ने स्कूली छात्रों से पराली जलाने के कारण हो रहे प्रदूषण को लेकर पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखने के लिए कहा है। इसके एक दिन बाद जावड़ेकर ने इस मुद्दे के 'राजनीतिकरण' के लिए उनकी निंदा की और कहा कि यह 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि वह आरोप प्रत्यारोप में लिप्त है। जावड़ेकर ने कहा, मेरा मानना है कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री प्रदूषण मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे है और कोई समाधान निकालने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप में लिप्त है। वह हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को खलनायक के रूप में पेश करने के वास्ते उन्हें पत्र भेजने के लिए बच्चों को भड़का रहे है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक ऐसी समस्या है जो पिछले 15 वर्षों में बिगड़ी है और अब नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इसका निवारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमने एनसीआर के मंत्रियों और अधिकारियों की अंतर-राज्य बैठकें शुरू कर दी हैं। सभी पक्षों को एक साथ कार्य करने की जरूरत है न कि एक दूसरे पर आरोप लगाने की।

जावड़ेकर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बजाय दिल्ली सरकार को अच्छे कार्यों के लिए धनराशि के इस्तेमाल पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे आज किसी पर आरोप लगाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। दिल्ली सरकार को विज्ञापनों पर 1,500 करोड़ रुपये खर्च करने के बजाय प्रदूषण से निपटने और मशीनों को हासिल करने के लिए पंजाब और हरियाणा के किसानों को ये धनराशि देनी चाहिए थी जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलती। आरोप-प्रत्यारोप लगाने से प्रदूषण नहीं घटेगा बल्कि सही दिशा में प्रयास करने होंगे। जावड़ेकर ने मेट्रो के चरण चार और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए अब तक धनराशि नहीं जारी करने के लिए भी दिल्ली सरकार पर निशाना साधा जबकि अदालत ऐसा किये जाने के निर्देश दे चुकी है। उन्होंने लोगों से जितना संभव हो मोटर वाहनों की जगह साइकिल का उपयोग करने और सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने का भी अनुरोध किया।

## सूचना

सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम पंकज सिंह दर्ज है जबकि वास्तविक नाम पंकज बिष्ट है। **श्रीमती दीपा बिष्ट पत्नी श्री दीवान सिंह ( आर्मी नम्बर 4192258 वाई हवलदार ) ग्राम काफली, पो. धौलादेवी, जिला अल्मोड़ा ( उत्तराखण्ड )**

## शुद्धि पत्र

उत्तर उजाला के 02 नवम्बर, 2019 के अंक में न्यायालय श्रीमान सहायक कलक्टर, हल्द्वानी द्वारा 01.11.2019 को जारी सम्मन खाता बटवारा वाद सं. 27/1729 में क्रमांक 5 पर प्रतिवादीगण का नाम त्रुटिवश रमेश चन्द्र छपा है, जिसे महेश चन्द्र पढ़ा व समझा जाय।

## Notice

I RADHA spouse of LHav Arjun Singh residing at Vill- Diyori P.O.- Gaujhariya patiya Teh-khatima Distt. U.S. Nagar (UK) PIN- 262308 have changed my name from RADHA to RADHA DEVI vide affidavit dated 31 oct 19 before khatima (Name and place of the Court)

## रामा विजन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : वार्ड नं. 3, बरेली रोड, किच्छा, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड-263148
CIN:L32203UR1989PLC015645
Tel.:05944-264263, Website:www.ramavisionltd.com, Email: sehgal@ramavisionltd.com

### सूचना

सेबी के विनियम 29(1)(ए) सहपठित विनियम 47, (सूचीकरण औपचारिकतायें तथा प्रकटीकरण आवश्यकतायें) अधिनियम, 2015 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की 18वीं बैठक गुरुवार, 14 नवम्बर 2019 को 04.30 बजे सायं, कम्पनी के कार्पोरेट ऑफिस- रामा हाउस, 23 नजफगढ़ रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, शिवाजी मार्ग, नई दिल्ली-110015 में होगी, जिसमें 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं छः माही के एकल असंप्रेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार कर, उनका अनुमोदन किया जावेगा।

उपरोक्त सूचना निम्न वेबसाइटों पर भी देखी जा सकती हैं:-
1- www.ramavisionltd.com
2. www.bsenidia.com

कृते रामा विजन लिमिटेड
राज कुमार सहगल
जी.एम. ( विधिक ) तथा कम्पनी सचिव
स्थान- नई दिल्ली
दिनांक- 02 नवम्बर, 2019

# अयोध्या मामले पर

प्रयागराज। अयोध्या में राम मंदिर को लेकर उच्चतम न्यायालय के बहुप्रतीक्षित फैसले से पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को यहां कहा कि इस फैसले को लेकर जीत का जुनूनी जश्न नहीं होना चाहिए और न ही हार का हाहाकारी हंगामा होना चाहिए। यहां उत्तर

## दि बाजपुर कोआपरेटिव शुगर फैक्ट्री लि., बाजपुर ( उधमसिंह नगर )

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पिराई सत्र 2019-20 आरम्भ करने के लिये लूज बैगास (कोल्हू) एवं लूज बैगास (चीनी मिल) की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. में पंजीकृत तथा प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से दिनांक 14.11.2019 की अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट धरोहर राशि के साथ मोहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना को मिल की website:www.bazpursugar.com पर देखा जा सकता है।

प्रधान प्रबन्धक

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि

Published on page 11 of Uttar Ujala, Nainital Edition in its issue dated 03/11/2019